12.04.2026 आकाशवाणी, भोपाल 7.10पीएम

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

ऽ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिलीगुड़ी में ममता सरकार पर बोला हमला; कहा-उत्तर बंगाल के विकास की हुई उपेक्षा।

ऽ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सीहोर जिले के आष्टा से 'लाड़ली बहना योजना' की 35वीं किश्त जारी की।

ऽ इस वर्ष 3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा; 15 अप्रैल से शुरू होगा ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण।

ऽ गायिका आशा भोसले का 92 वर्ष की आयु में निधन; कल मुंबई के शिवाजी पार्क में होगा अंतिम संस्कार।

प्रधानमंत्री - पश्चिम बंगाल रैली

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने मदरसों के लिए छह हजार करोड़ रुपये आवंटित किए, जबकि उत्तर बंगाल के विकास के लिए बजट उपलब्ध नहीं कराया। आज सिलीगुड़ी के कावाखाली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि पर्यटन, संपर्क और औद्योगिक क्षेत्रों में इस क्षेत्र की उपेक्षा की गई है और टीएमसी पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उधर, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने पूर्वी बर्धमान के खंडाघोष में चुनाव रैली में भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस अपने वादों को पूरा करती है, जबकि भाजपा के नेता केवल वादे करते हैं और उन्हें निभाते नहीं हैं। सुश्री बैनर्जी ने कृषि को लेकर भाजपा के दावों को खारिज करते हुए कहा कि राज्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है।

लाड़ली बहना योजना-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सीहोर जिले के आष्टा में लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में 1 हजार 836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 61 करोड़ रुपये

की लागत से बने सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया और विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। श्री यादव ने कहा कि अब लोकसभा एवं विधानसभाओं में बहनों को 33प्रतिशत आरक्षण मिलने जा रहा है।

'उन्नत कृषि महोत्सव'

रायसेन में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव 2026 के दूसरे दिन आज केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फल और सब्जियों के जल्दी खराब होने से किसानों को नुकसान होता है, इसलिए पैक हाउस और कोल्ड चेन व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।मंत्री ने बताया कि दलहन मिशन के तहत मध्यप्रदेश में 55 दाल मिलें स्थापित की जाएंगी, जिन पर प्रति इकाई 25 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी।

उन्होंने से बताया कि इसके साथ ही छोटे किसानों के लिए कस्टम हायरिंग सेंटर और मशीन बैंक विकसित किए जाएंगे, जिससे वे किराए पर आधुनिक कृषि उपकरण उपयोग कर सकें। उन्होंने एक नए मोबाइल ऐप का भी उल्लेख किया, जिससे किसान मिट्टी की स्थिति और खाद की सही मात्रा की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे।

अमरनाथ यात्रा

अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 3 जुलाई से 28 अगस्त रक्षा बंधन तक चलेगी। जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बताया कि प्रथम पूजा ज्येष्ठ पूर्णिमा यानी 29 जून को होगी। पंजीकरण 15 अप्रैल से ऑनलाइन और ऑफलाइन शुरू होगी। पंजीकरण सुविधा जम्मू और कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक में उपलब्ध होगी।

भाजपा-केन्द्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए वरिष्ठ नेता और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। यह निर्णय पार्टी के संसदीय बोर्ड द्वारा लिया गया।

सिंहस्थ 2028

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियां जोरों से चल रहीं हैं। संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने त्रिवेणी क्षेत्र में निर्माणाधीन घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग और घाट तक पहुंच मार्ग की माईक्रो प्लानिंग तैयार की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर शिप्रा नदी पर लगभग 29 किलोमीटर नए घाटों का निर्माण किया जा रहा है। संभागायुक्त ने भीड़ और यातायात प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए प्रति घंटे घाटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन करने और उसी अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया।

आशा भोसले-निधन

प्रख्यात गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का आज मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा उनका जाना संगीत जगत की अपूरणीय क्षति है। मध्यप्रदेश से उनका अत्यंत आत्मीय संबंध रहा। राज्य सरकार द्वारा उन्हें प्रतिष्ठित लता मंगेशकर पुरस्कार भी प्रदान किया गया था। अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में होगा। गायिका की पौत्री ज़नाई भोसले ने बताया कि उनको सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण कल शाम मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सेल्स टैक्स कार्यालय आग-खंडवा

खंडवा में आज दोपहर राज्य कर, यानी सेल्स टैक्स कार्यालय में आग लगने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 2 बजे आग लगी, जिसने कुछ ही समय में पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दफ्तर के महत्वपूर्ण दस्तावेज, कंप्यूटर और फर्नीचर सहित कई रिकॉर्ड जलकर नष्ट हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। रविवार होने के कारण कार्यालय में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों को लेकर शॉर्ट सर्किट संभावना जताई जा रही है।

<u>आईपीएल</u>

आईपीएल क्रिकेट के पहले मैच में आज लखनऊ सुपर जायंट्स ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 164 रन बनाए हैं। इस तरह गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 165 रनों का लक्ष्य मिला है। गुजरात टाइटंस ने समाचार लिखे जाने तक ... विकेट पर .... रन बना लिए थे।

आईपीएल के दूसरे मैच में अब से कुछ ही देर में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। ......... ने टॉस जीतकर पहले ............ का फैसला लिया है।

<u>समाचार संक्षेप में :-</u>

- शिवपुरी जिले के हीरापुर में जल जीवन मिशन के तहत 'जल महोत्सव' मनाया गया, जहाँ ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।
- अनूपपुर में भी जल संवर्धन अभियान के तहत विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं और जल स्रोतों की सफाई का कार्य जारी है।
- नीमच जिला प्रशासन ने 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए विशेष उड़न दस्तों का गठन किया है।
- अशोकनगर के ईसागढ़ में 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' आयोजित हुआ, जिसमें विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने महिलाओं को मिल रहे 33 प्रतिशत आरक्षण को सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया।
- खंडवा के किशोर कुमार सभागृह में कल डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का जिला स्तरीय समारोह आयोजित होगा, जिसे प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी वर्चुअली संबोधित करेंगे।
- गुना जिले के कुंभराज क्षेत्र में ओवरटेक के दौरान हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार, ट्रैक्टर और दो बाइकों की भिड़ंत हो गई, जिसमें एक दंपति की मौत हो गई।
- जबलपुर सहित पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख जंक्शनों पर ट्रेनों की लेटलतीफी दूर करने के लिए 166 किलोमीटर लंबी 'बाइपास रेल लाइन' बिछाई जाएगी, जिससे यात्री ट्रेनों की समयबद्धता में सुधार होगा।
- नर्मदापुरम के मढ़ई में आयोजित जिला पंचायत सम्मेलन में 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की गई।

.............................